**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 20.09.2025**

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक, यू0पी 112 द्वारा "विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस" पर प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को पुलिस अधीक्षक महोदय ने पीआरवी कालपी का0 पंकज कुमार व का0 देवेश कपूर को आत्महत्या के प्रयास की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मानव जीवन रक्षा का उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर पीआरवी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित कर शुभकामनाएँ दी गयी।**

दिनांक 06.06.2025 को यू0पी 112 पर कॉलर सहिल द्वारा सूचना दी गयी की मेरे बुआ का लड़का फहीम पुत्र सलीम व अपने दो बच्चे 01. रिजिया पुत्री फहीम उम्र करीब 05 वर्ष 02. सनैन पुत्र फहीम उम्र करीब 03 वर्ष निवासीगण बजरिया कोतवाली उरई जनपद जालौन को लेकर अपने घर से लड़कर आत्महत्या करने के उद्देश्य से यमुना नदी में कुदने जा रहा है।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में डायल 112 के सूचना के आधार पर पीआरवी 3626 कालपी पर तैनात का0 पंकज कुमार व का0 देवेन्द्र कपूर द्वारा तत्काल मौके पर पहुचंकर फहीम उपरोक्त को समझा बुझाकर आत्महत्या करने से रोका गया तथा कोतवाली कालपी पुलिस को सूचना देने के उपरान्त फहीम के परिवारीजनो को सूचित किया गया। परिवारीजन को फहीम व दोनो बच्चो को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिवारीजन फहीम व बच्चो को सकुशल पाकर अत्यन्त खुश होकर डायल 112 व पीआरवी पर तैनात कर्मचारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

"विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस" के अवसर पर श्रीमान पुलिस महानिदेशक UP 112 द्वारा दिनांक 06.06.2025 को कोतवाली कालपी क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति व उसके दो बच्चो को आत्महत्या करने से बचाये जाने पर प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा "विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस" पर पीआरवी कमाण्डर पंकज कुमार, देवेश कपूर को त्वरित कार्यवाही करते हुए मानव जीवन रक्षा का उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर पीआरवी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार प्रदान कर शुभकामनाएँ दी गयी।

**“ऐसे पुलिस कर्मी अन्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणादायक है”।**

**डायल 112 पुलिस सदैव आपकी सेवा के लिए चौबीसों घंटे (24*7) तत्पर है।**